# तूने किया ना हरि से प्यार भजन लिरिक्स

तूने किया ना हरि से प्यार,
सारा जीवन दीन्हा गुज़ार,
तेरी ये नादानी है ओ रे मनवा,
तेरी ये कहानी है ओ रे मनवा।bd।

तर्ज – आने से उसके।

---

तुमने पाया जो तन,
फिर न पाओगे प्यारे,
तेरा हीरा जीवन,
बीता जाता है सारा का सारा,
माया में रे काहे रे,
तू लिपटानी है ओ रे मनवा,
तेरी ये कहानी है ओ रे मनवा।bd।

---

तेरे दुख का कारण,
तेरी प्रभु के प्रति बेरुखी है,
जो प्रभु के रंग में रंग गया,
तो वो ही सुखी है,
समझा न जो उसको,
वो अज्ञानी है ओ रे मनवा,
तेरी ये कहानी है ओ रे मनवा।bd।

---

अरे कर्म कर तू ऐसे,
जिससे सुधरे ये जीवन तुम्हारा,
अरे जन्म और मरण से,
मिल जाएगा रे छुटकारा,
‘राजेन्द्र’ की बात नही,
संतो की बानी है ओ रे मनवा,
तेरी ये कहानी है ओ रे मनवा।bd।

---

तूने किया ना हरि से प्यार,
सारा जीवन दीन्हा गुज़ार,
तेरी ये नादानी है ओ रे मनवा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com